p>

Title: Issue regarding land disputes and land grabing in Robertsganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल कोल (राबर्ट्सगंज) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं इस सदन में पहली बार बोल रहा हूं । मैं आपको, हमारे प्रधान मंत्री जी और सभी माननीय संसद सदस्यों को प्रणाम करता हूं । मैं जुबानी तौर पर कह रहा हूं और जो लिखा है, वह लिखा है । मैं सोनभद्र जनपद के संसदीय क्षेत्र के राबर्ट्सगंज से आता हूं । वह आदिवासी, अनुसूचित जाति और जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है । वहां पर अनपढ़ लोगों की संख्या ज्यादा है । बहुत-से बाहरी लोग आए हुए हैं, जो यहां पर फर्जी पट्टा, फर्जी बेनामा और इन्द्राज करके जमीनों की लूट कर रहे हैं । जब धर-पकड़ होती है, तो वे बाहर भाग जाते हैं ।

अभी उन्हीं का परिणाम है कि कल हमारे क्षेत्र में रॉबर्टगंज के टोला, ग्राम सभा मुर्तिया में बाहर से आए जमींदार जमीन पर कब्जा कर रहे थे । आदिवासी लोगों ने जब उन्हें रोकने का काम किया, तब तक इन्होंने 15-20 बंदूकों से उन आदिवासियों को मार दिया, जिसमें 11 लोग मर गए और 20-25 लोग घायल हैं । महोदय, हमारे उत्तर प्रदेश की सरकार बड़े युद्ध स्तर पर उनको सांत्वना दे रही है । यह कहना मैंने ज़रूरी समझा, ताकि क्षेत्र के लोग यह जान जाए कि हमारे दु:ख को पार्लियामेंट में अवगत करा दिया गया है । इसलिए मैं चाहूँगा कि उन आततायी को खोज कर कठोर से कठोर दंड दिया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।